# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 29 नवंबर, 2022

## कामचटका प्रायद्वीप

हाल ही में कामचटका प्रायद्वीप में **दो ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं।** वे रूस के उत्तरपूर्वी भाग के **छह ज्वालामुखियों में से हैं जिनमे ज्वालामुखी विस्फोट हुआ है।** कामचटका प्रायद्वीप रूस के **साइबेरिया क्षेत्र के सुदूर पूर्व में 1,250 किमी. लंबा प्रायद्वीप है।** इसका क्षेत्रफल 472,300 वर्ग किमी. है। यह उत्तर में साइबेरिया से जुड़ा हुआ है। इसके पूर्व में प्रशांत महासागर है और पश्चिम में ओखोत्स्क सागर है **कामचटका प्रायद्वीप "रिंग ऑफ फायर" का भाग है।** कामचटका का अधिकांस क्षेत्र पहाड़ी है और इसपर लगभग 160 ज्वालामुखी स्थित हैं, जिनमें से **29 अभी भी सक्रिय माने जाते हैं।** इनमें से एक ज्वालामुखी, क्लुचेव्स्काया सोप्का, 15,584 फुट ऊँचा है और **पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध** का सबसे बड़ा ज्वालामुखी माना जाता है। कामचटका पर विविध प्रकार के पशु-पक्षी पाए जाते हैं, जिनमें से ब्राउन बियर सबसे ज़्यादा प्रसिद्ध है जो बहुत बड़े आकार का होता है।

## 7वाँ वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन

**7वें वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन** आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (Global Technology Summit-GTS) भारत की ओर से आयोजित इस तीन दिवसीय इस सम्मेलन में प्रतिनिधि भौतिक और वर्चुअल दोनों तरीकों से भाग लेंगे **विदेश मंत्रालय और कार्नेगी इंडिया** की मेज़बानी में **भू-प्रौद्योगिकी** पर होने वाला यह भारत का प्रमुख वार्षिक सम्मेलन है। इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को विदेश मंत्री संबोधित करेंगे और इसका मुख्य विषय **भू-डिजिटल व्यवस्था और इसके प्रभाव** हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस **सम्मेलन में प्रौद्योगिकी, सरकार, सुरक्षा, अंतरिक्ष, स्टार्टअप, डाटा, कानून, लोक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, अकादमिक और आर्थिक मुद्दों** पर विश्व के प्रमुख बुद्धिजीवी अपने विचार प्रस्तुत करने के साथ-साथ प्रौद्योगिकी तथा इसके भविष्य के संबंध में महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर चर्चा की जाएगी। **GTS 2022** में 50 से अधिक पैनल चर्चा, मुख्य भाषण, पुस्तक विमोचन और अन्य कार्यक्रमों में 100 से अधिक वक्ता भाग लेंगे।**अमेरिका, सिंगापुर, जापान, नाइज़ीरिया, ब्राज़ील, भूटान, यूरोपीय संघ और अन्य देशों के मंत्री और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शिखर सम्मेलन** में भाग लेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-29-november-2022